# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com

सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

वेबसाइट : www.ushadoon.org

दिनांक जून, 2015

---

दिनांक 30.05.2015 को सायं 06:30 बजे सोसाईटी के क्लब हाऊस उषा कालोनी में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

<u>उपस्थिति पंजिका में दर्ज बैठक में उपस्थिति</u> :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2. उपाध्यक्ष / कोषाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3. आनरेरी सचिव – श्री एस0पी0 सुबुद्धि
4. सदस्य – श्री आर0के0 सुधान्शु

<u>विशेष उपस्थिति</u> :–

1. श्री अमित सिन्हा
2. श्री प्रेम दत्त रतूड़ी
3. श्री आनन्द बर्धन
4. श्री रविन्द्र खन्डूजा

कार्यकारिणी के–श्री एस0के0 भगत–उपाध्यक्ष, श्री ए0के0 राणा–सदस्य एवं श्रीमती आकांक्षा सिन्हा–सदस्या कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी सचिव द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर सहमति बनी :–

**बिन्दु संख्या 01 –** दिनांक 06 जून 2015 को आयोजित किये जाने वाले संगीत कार्यक्रम के सम्बन्ध में अधिक वित्तीय खर्च एवं अपेक्षित उपस्थिति न हो जाय को ध्यान में रखते हुए कार्यकारिणी समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन वर्तमान में न कराये जाने का निर्णय लिया।

**बिन्दु संख्या 02 –** उषा सोसाईटी में कार्यरत् कर्मचारियों की वेतन वृद्धि के सम्बन्ध में समिति द्वारा काफी विचार–विमर्श करने के पश्चात् श्री राज बहादुर (माली) के वेतन में 01 जून 2015 से रू0 1,000 / – (एक हजार) की वृद्धि की गयी जिसे माह जुलाई से (6000+1000=7000) सात हजार रूपये प्रति माह का भुगतान किया जाये। साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि अन्य कर्मचारियों की कार्य प्रगति को ध्यान में रखते हुए ही आगामी वेतन वृद्धि पर विचार किया जाये।

**बिन्दु संख्या 03 –** उषा सोसाईटी की कार्यकारिणी समिति द्वारा विचार किया गया कि वर्तमान में सोसाइटी के अन्दर होने वाले भवन निमार्णों हेतु प्रयोग किये जा रहे पानी पर प्रतिबन्द लगाये आवश्यकता नहीं है। यदि भविष्य में ऐसी कोई परेशानी होती है तो उस पर विचार किया जायेगा। इसके साथ ही सदस्यों द्वारा सोसाइटी में जल संरक्षण करने हेतु अपील भी की गयी।

**बिन्दु संख्या 04** – उषा परिसर में किये जा रहे मन्दिर निर्माण के सम्बन्ध में सोसाईटी की कार्यकारिणी समिति द्वारा पुनः फिर से विचार–विमर्श किया गया और समिति द्वारा सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि सोसाइटी परिसर में फिलहाल धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं किया जायेगा। जिन सदस्यों द्वारा मन्दिर निमार्ण हेतु धनराशि सहयोग के रूप में दी गयी हैं उन प्रत्येक सदस्यों को वह धनराशि सहधन्यवाद वापस की जाये।

**बिन्दु संख्या 05 –** सोसाइटी द्वारा निर्णय लिया गया कि वर्ष 2013–2014 एवं वर्ष 2014–15 की बकाया AMC की धनराशि का भुगतान नहीं किये जाने वाले सदस्यों पर पूर्व की भाँति नियमानुसार ब्याज लगाया जायेगा।

**<u>एजेण्डा बिन्दु सं0 6</u>** :–उपलब्ध सूचना के अनुसार पूर्व में हुऐ बैडमिन्टन हाल के निर्माण की अवशेष धनराशि का भुगतान निम्न प्रकार किये जाने हेतु समिति द्वारा आदेशित किया गया :–

| क्र.सं. | नाम | किया गया कार्य | भुगतान हेतु धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | मनोज मौर्या, इलैक्ट्रिशियन, | बैडमिन्टन हाल में बिजली वायर फिटिंग विद मैटेरियल कार्य हेतु अवशेष धनराशि भुगतान चैक सं0 ''530713'' दि0 31.5.15 द्वारा किया गया | 55,000/– |
| 2 | निर्मल धारा फर्निशिंग, राजपुर रोड देहरादून। | बैडमिन्टन हाल में लगी फ्लौरिंग व रूलर ब्लाइन्ड (पर्दे) हेतु भुगतान चैक सं0 ''530715'' दि0 12.06.15 द्वारा किया गया। | 50,000/– |

**<u>एजेण्डा बिन्दु सं0 7</u>** :–समिति के सी0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा समस्त सदस्यों का वर्ष 2008–09 से वर्ष 2014–15 तक का बकाया धनराशि का विवरण तैयार किया जा रहा है जिसको सी0ए0 कार्यालय से शीघ्र प्राप्त कर समस्त सदस्यों को प्रेषित (Circulate) किया जाये। इस सम्बन्ध में अगली ई0सी0 मीटिंग से पूर्व सम्बन्धित सदस्यों को तद्नुसार बकाया धनराशि जमा करने का अनुरोध किया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से चर्चा हेतु अन्य बिन्दु निम्नानुसार :–

1. सोसाइटी के प्रत्येक वाहन पर उषा का ''लोगो' (स्टीकर) लगवाया जाये।

2. सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड हेतु किसी बाहरी कम्पनी से आउट सोर्स के आधार पर सुरक्षा गार्ड लिये जाने पर बाद में विचार किया जा सकता है। फिलहाल सुरक्षा गार्डों को विशेषकर रात्रि में पूरी कालोनी में निरन्तर गश्त करते रहने तथा साथ ही साथ सर्तकता बरतने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस से भी अपेक्षित सहयोग लिया जाये।

अनुमोदित,

—हस्ता0—
(सुभाष जोशी)
अध्यक्ष,
उषा एसोसिएशन, देहरादून।

—हस्ता0—
(एस0पी0 सुबुद्धि)
ऑनरेरी सचिव,
उषा एसोसिएशन, देहरादून।

प्रतिलिपि—1— समस्त सदस्यगण

2— श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0